>

Title: Request to make Janata Vaidic College Bagpat as a Central Kisaan University.

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । बागपत जिले में बड़ौत सबसे बड़ा टाउन है और बहुत बड़ा शिक्षा का केन्द्र रहा है । वर्ष 1919 में जनता वैदिक कॉलेज बना । मेरे जैसे पता नहीं कितने ऑफिसर्स, प्रोफेसर्स, खिलाड़ी और प्रोफेशनल्स इसने पैदा किए । वर्ष 1960, 1970 और 1980 के दशक में विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में, एग्रीकल्चर के फील्ड में जब मैं पढ़ता था, उस समय पूरे देश के बच्चे, ऐसा कोई राज्य नहीं था, वहां नहीं पढ़ते थे । वहीं के ग्रेजुएट्स, हिसार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, पंतनगर एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और बहुत जगहों पर वहां के प्रोफेसर्स हैं, लेकिन उनका जो अल्मा-मेटर है, अभी तक वह यूनिवर्सिटी नहीं बनी है । मेरा आपके माध्यम से कृषि और शिक्षा मंत्रालयों से यह निवेदन है कि इस जनता वैदिक कॉलेज को केन्द्रीय किसान विश्वविद्यालय बनाया जाए । पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंदर कृषि के बारे में ऐसा कोई केन्द्रीय विश्वविद्यालय नहीं है, जिससे यहां के किसानों को, किसानों के बच्चों को और न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि हरियाणा के बच्चों और आस-पास के प्रदेशों को भी उसका बहुत फायदा होगा । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।